

# बैराड़ पुलिस ने की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही

**स्मैक सप्लाई चेन के आरोपी को किया गिरफ्तार, 51.30 ग्राम स्मैक की जब्त**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 नवम्बर।** जिले के बैराड में पदस्थ होकर आए थाना प्रभारी सुरेश शर्मा के द्वारा लगातार अपराधों पर अंकुश लगाने का कार्य किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, एएसपी संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के निर्देशन में अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एक बार फिर से स्मैक को लेकर बड़ी कार्यवाही की गई जिसमें मुख्य सप्लाई चैन को ही पुलिस ने धर दबोचा और उसके पास से 51.30 ग्राम स्मैक व एक बाईक को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध अप. क्र. 423/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया।

बताना होगा कि थाना प्रभारी सुरेश शर्मा को बीती शनिवार के रोज जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नीले रंग व ग्रे रंग की फुल बाहे की जैकेट व हल्का आसमानी रंग का पेन्ट पहने हुए काले रंग की हीरो डीलक्स



मोटरसाईकिल क्र. आर.जे.28 एससी 4649 से शिवपुरी से झिरी गांव होते हुये अत्येधिक मात्रा मे मादक पदार्थ स्मैक लेकर बैराड बिक्री करने हेतु आ रहा है। सूचना कि तस्दीक हेतु पुलिस टीम गठित कर फुलीपुरा चौराहा झिरी शिवपुरी रोड़ पर चैकिंग लगाई गयी। मुखबिर द्वारा बताये गए बाईक सवार को रोका तो वह हेमराज पुत्र बाबूलाल लोधा उम्र 46 साल निवासी ग्राम सेमला, सेमली थाना बापचा जिला बाँरा राजस्थान मिला, जब उसकी तलाशी ली तो पेन्ट मे बायी जेब से सफेद पन्नी मे रखा अवैध मादक पदार्थ स्मैक 51.30 ग्राम, एक इलेक्ट्रोनिक तोल कांटा मिला, बरामद स्मैक के संबंध मे पूछताछ की तो हेमराज लोधा ने बताया कि उक्त स्मैक को बैराड में जितेन्द्र प्रजापति निवासी बैराड को बेचने के लिये जा रहा था तथा जितेन्द्र को 2800 रूपये प्रति ग्राम के हिसाब से देता था। पूर्व मे भी दो चार बार स्मैक जितेन्द्र को दे चुका हूँ आरोपी को गिरफ्तार कर स्मैक बिक्री करने व रखने का लायसेंस चाहा तो न होना बताया तब आरोपी का कृत्य धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से स्मैक,तोल काँटा, मोटरसाईकिल को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अप. क्र. 423/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी से अन्य व्यक्तियो को स्मैक सप्लाई करने के संबंध मे पूछताछ की जा रही है। इस कार्यवाही में निरी. सुरेश शर्मा, उपनिरी. धर्मेन्द्र शिवहरे, सउनि सोबरन सिंह सिसौदिया, सउनि सतेन्द्र भदौरिया, प्रआर सुरेन्द्र भगत, आर. ज्ञानसिंह रावत, आर.अतरसिंह रावत, आर.राजेन्द्र प्रसाद, आर रविन्द्र धाकड, आर. मांगीलाल गुर्जर , आर.लाल सिंह, आर. मनोज धाकड, आर. लोकेन्द्र सिंह, चा.आर मनीष परिहार शामिल रहे।

## हाथ भट्टी की बनी जहरीली शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई एवं उनकी टीम के द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुये शनिवार-रविवार की रात्रि को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना देहात क्षेत्र की हवाई पट्टी के पीछे नर्सरी में एक व्यक्ति अबैध शराब बेचने के लिये बैठा है। मुखविर की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम हवाई पट्टी के पीछे नर्सरी में पहुंची तो एक व्यक्ति हाथ में एक प्लास्टिक की कट्टी लिये बैठा दिखा जो पुलिस को देखकर वहां से भागने की कोशिश करने लगा जिसे पुलिस फोर्स द्वारा पकडा नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम ललित पुत्र मंगल सिंह यादव उम्र 25 साल निवासी अहीर मोहल्ला पुरानी शिवपुरी का होना बताया, हाथ में ली हुई कट्टी को कब्जे पुलिस लेकर ढक्कन खोलकर देखा व सूंघा तो उसमें से हाथ भट्टी की बनी जहरीली शराब की तीखी गंध आ रही थी जिसमें करीबन 10-11 लीटर हाथ भट्टी की जहरीली शराब कीमती 10000 रुपये को जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध धारा 49क आबकारी एक्ट का कामय कर विवेचना मे लिया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई थाना प्रभारी देहात, उनि योगेन्द्र सिंह सेंगर, प्र.आर. विनय कुमार सिंह, प्रआर. दीपचन्द्र, प्रआर. राजेश शर्मा, प्रआर. देवेन्द्र सेन, प्रआर. रिषभ करारे, आर. लाखन सिंह, आर. भरत मीणा, आर. रिन्कू शाक्य, आर. नाहर सिंह थाना देहात जिला शिवपुरी की मुख्य भूमिका रही है।

# इफको की रैक से 1525 मै .टन यूरिया प्राप्त, वितरण 4 को

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 नवम्बर।** किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने हेतु शासन के निर्देशानुसार खाद आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में 2 नवम्बर को इफको कंपनी की यूरिया रैक शिवपुरी रैक पॉइंट पर लगाई जाएगी, जिससे जिले को 1525 मै.टन यूरिया प्राप्त होगा। यह यूरिया जिले की सहकारी संस्थाओं, डबल लॉक गोदामों, विपणन सहकारी संस्थाओं, एमपी एग्रो एवं निजी विक्रेताओं को आवंटित किया जाएगा।

कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने निर्देश दिए हैं कि इस संपूर्ण खाद का वितरण सोमवार 4 नवंबर से किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को 25-25 मै.टन के हिसाब से कुल 175 मै.टन यूरिया प्रदान किया गया है, जिनमें खोड, छर्च, करई, पचावली, अटलपुर, दीगोद, सीहोर शामिल हैं। इसी प्रकार जिले के 05 डबल लॉक गोदामों कोलारस को 50 मै.टन, करैरा को 100 मै.टन, बदरवास को 75 मै.टन, पोहरी को 100 मै.टन तथा पिछोर को 225 मै.टन मिलाकर कुल 550 मै.टन यूरिया वितरित किया गया है। नलदमयंती विपणन सहकारी संस्था नरवर को 25 मै.टन, मार्केटिंग खनियाधाना को 150 मै.टन एवं मार्केटिंग बैराढ को 100 मै.टन यूरिया प्राप्त हुआ है। वहीं एम.पी.एग्रो शिवपुरी को 100 मै.टन यूरिया दिया गया है। इसके अतिरिक्त जिले के निजी उर्वरक विक्रेताओं को कुल 425 मै.टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है, जिसमें जनता एग्रो एजेंसी शिवपुरी को 45 मै.टन, इफको बाजार मगरौनी को 30 मै.टन, इफको बाजार शिवपुरी को 60 मै.टन, छाजेढ बंधु शिवपुरी को 32 मै.टन, विनय ट्रेडर्स पिछोर को 25 मै.टन, गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी करैरा को 18 मै.टन, राम सेवक सीताराम गेडा करैरा को 25 मै.टन, अखिलेश गुप्ता बामौरकलां को 12.5 मै.टन, विवेक ट्रेडर्स बामौरकलां को 12.5 मै.टन, राधिका ट्रेडर्स शिवपुरी को 18 मै.टन, विनोद ट्रेडिंग कंपनी शिवपुरी को 18 मै.टन, लक्ष्मी ढेडिंग कंपनी रन्नौद को 20 मै.टन, पी.एस. ट्रेडर्स कोलारस को 25 मै.टन, महादेव कृषि सेवा केंद्र नरवर को 25 मै.टन, लक्ष्मी ट्रेडर्स परिच्छा को 13 मै.टन, विकम एग्रो एजेंसी शिवपुरी को 8 मै.टन, गिर्राज ट्रेडिंग कंपनी शिवपुरी को 20 मै.टन, श्री गुरुकृपा कृषि सेवा केंद्र खतौरा को 18 मै.टन आवंटित किया गया है।

# धीरेंद्र शास्त्री की श्रीमद् भागवत का भूमिपूजन आज

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 नवम्बर।** धर्म की संभावना को बढ़ाते हुए शहर के समाजसेवी रामप्रकाश कपिल गुप्ता परिवार शिवपुरी के द्वारा आगामी 23 नवंबर से 30 नवंबर तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित नर्सरी गार्डन, हवाई पट्टी के पीछे, शिवपुरी में किया जा रहा है। इस आयोजन में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन अपने श्रीमुख से ओजस्वी वाणी में प्रसिद्ध श्रीबगेश्वर धाम पीठाधीश्वर प.पु.श्री धीरेंद्र शास्त्री जी के द्वारा किया जाएगा। बागेश्वर धाम के पूज्य संत आगमन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। इस भव्य आयोजन संपूर्ण जिले सहित संभाग, प्रदेश ओर देशभर के धर्मावलंबी शामिल होंगे। इसे लेकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम की भव्य शुरुआत विशाल कलश यात्रा के साथ होगी। आयोजन की शुरुआत आज सोमवार 03 नवंबर से होने जा रही है जहां कार्यक्रम स्थल पर भूमिपूजन कथा यजमान परिवार के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान कथा के मुख्य यजमान रामप्रकाश कपिल गुप्ता परिवार(कपिल मोटर्स) के द्वारा कथा स्थल का वैदिक मंत्रोच्चारण से किया जाएगा। यहां प्रात: 09:30 बजे से 11:30बजे तक भूमिपूजन होगा तत्पश्चात कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी को लेकर कथा के मुख्य यजमान परिवार के द्वारा पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रेसवार्ता की जायेगा, इसके साथ ही उपस्थित जनों के लिए कथा आयोजक परिवार के द्वारा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन दोपहर 1 से 3 बजे तक किया गया है। जहां भूमिपूजन, प्रेसवार्ता उपरांत सभी जन मिलकर अन्नकूट प्रसादी प्राप्त करेंगे। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में कथा आयोजक कपिल मोटर्स परिवार के द्वारा समस्त पत्रकारों से शामिल होने का आग्रह व आह्वाहन किया है।

# मप्र स्थापना दिवस पर सजी सांस्कृतिक संध्या आयोजित

**छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 नवम्बर।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मानस भवन शिवपुरी में भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। रंगारंग प्रस्तुतियों से सजी इस संध्या में देशभक्ति तरानों पर छात्र-छात्राओं ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और गौरव के भाव से ओतप्रोत कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शिवपुरी क्रमांक-1 की




बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत मध्यप्रदेश गान से हुई, जिसमें यह संदेश दिया गया कि भारत का हृदय है मध्यप्रदेश, जहां विंध्याचल का भाल है, नर्मदा का कलकल जल जीवनदायिनी बनकर बहता है, शिप्रा का अमृतकुंड है, और महाकाल के तिलक से पावन यह भूमि अपनी अनोखी पहचान रखती है।

इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य व गायन प्रस्तुतियां दीं। उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तालियों की गूंज से सभागृह कई बार गुंजायमान हुआ। शासकीय सांदीपनि उमावि शिवपुरी की बालिकाओं द्वारा दी गई प्रस्तुति तिल देखा ताड़ देखो, शासकीय उमावि आदर्श नगर शिवपुरी की बालिकाओं द्वारा कुछ करिए ...चक दे इंडिया, शासकीय उमावि सदर बाजार शिवपुरी की बालिकाओं द्वारा बड़ा नीग लागे अपने देशवा की माटी, शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1 शिवपुरी की बालिकाओं द्वारा अब के बरस तुम्हें पर धरती की रानी, अशा.गणेशा ब्लास्ड स्कूल द्वारा तेरा हिमालय आकाश छूले, शासकीय उमावि कन्या कोर्ट रोड शिवपुरी की छात्राओं द्वारा म्हारो प्यारो मध्यप्रदेश को दर्शकों के खूब सराहा। संगीतमय संध्या को और भावपूर्ण बनाने में गायक सुश्री अनुष्का श्रीवास्तव एवं प्रवीण श्रीवास्तव करेरा द्वारा देशभक्ति गीत का गायन तथा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर शिवपुरी की छात्राओं द्वारा आदिवासी गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर जिले की विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार, डी.ए.टी.सी.सी. शिवपुरी के सहायक नोडल अधिकारी सौरभ गोड सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश मिश्रा एवं हेमलता चौधरी के द्वारा किया गया।

## एक नजर में



### लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में मनाया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

**बदरवास, 2 नवम्बर।** नगर के प्रसिद्ध निजी शैक्षणिक संस्थान लॉर्ड कृष्णा हाई स्कूल बदरवास में मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेश की आकृति बनाकर उसमें रंग भरकर उसे आकर्षक रंगों से उकेरा, कु .रितिका खरे, कु . आरोशी चंदेल द्वारा विद्यालय परिसर में रंगोली बनाकर मध्यप्रदेश गायन प्रस्तुत किया गया,जिसकी सभी विद्यार्थियों एवं स्कूल शिक्षकों द्वारा प्रशंसा की गयी कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका कु . परी जोशी द्वारा किया गया जिसमें विद्यालय के संचालक गोपाल सत्यार्थी द्वारा सभी छात्र,छात्राओं को मध्यप्रदेश के इतिहास से परिचित कराया गया।

### भावांतर में फसल बेचने वाले पहले किसान बने जगदंबिका भार्गव



**बदरवास।** भावांतर योजना 2025 अंतर्गत बदरवास मंडी में फसल बेचने वाले पहले किसान बने जगदम्बिका भार्गव। इनके द्वारा भावन्तर योजना का पंजीयन कराया गया था और आज मंडी में सोयाबीन बेचने लाये थे। जिसको मंडी की फसल नीलामी में चौधरी ब्रदर्स बदरवास ने खरीदा । भावन्तर योजना में 125 किसानों के पंजीयन बदरवास में हुये है। पंजीयन पर फसल बेचने वाले पहले कृषक होने पर मंडी प्रशासन और व्यापारियों ने फूल मालाओं और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तहसीलदार प्रदीप भार्गव, व्यापारी दिलीप चौधरी, प्रमोद सिंघल, देवेंद्र गर्ग, शांतम अग्रवाल, मंडी सचिव और स्टॉफ, किसान, हम्माल, तुलावटी आदि उपस्थित रहे।

### रबी फसलों के लिए उर्वरक प्रबंधन की विशेष सलाह

**शिवपुरी।** आगामी दिनों में रबी फसलों की बोनी प्रारंभ होने जा रही है। ऐसे में किसानों को सलाह दी गई है कि वे फसलों की पोषक तत्व आवश्यकताओं के अनुसार उर्वरकों का चयन करें। उपसंचालक कृषि ने किसान भाईयों से अपील की है कि बुवाई के समय खेत में इस्तेमाल किए जाने वाले उर्वरकों से मिलने वाले पोषक तत्वों की मात्रा का ध्यान रखते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग को प्राथमिकता दें। रबी फसलों के लिए डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके मिश्रित उर्वरक उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। एनपीके मिश्रित ग्रेड 12 :32 :16, 16 :16 :16, 20 :20 :0 :13 आदि उर्वरकों के प्रयोग से फसलों को नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश एवं सल्फर जैसे आवश्यक तत्व प्राप्त होते हैं। इससे न केवल फसलों की वृद्धि एवं उत्पादन में वृद्धि होती है, बल्कि मृदा का स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है। पोषक तत्वों के इस संतुलन से किसानों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त उपज प्राप्त होती है। पिछले वर्ष जिले के प्रगतिशील किसानों ने रबी फसलों में एनपीके मिश्रित उर्वरक का 15036 मै .टन उपयोग कर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए थे।

# बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एकजुट हुए युवा

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 नवम्बर।** मध्य प्रदेश की स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक क्षण देखने को मिला, जब यूथ फॉर चिल्ड्रन और स्वयंसेवी संगठन के आह्वान पर 'यूथ फॉर चिल्ड्रन' अभियान से जुड़े युवा स्वयंसेवियों ने 1000 दीपों का दीप प्रज्वलन कर बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और शिक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का संदेश दिया।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 'बाल हितेषी मध्य प्रदेश' की भावना को साकार करने की दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायक कदम के रूप में सामने आया। कार्यक्रम में बाल



संरक्षण अधिकारी राघवेंद्र शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों का संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बाल हितैषी माहौल निर्माण के संबंध में आवश्यक सुझाव देते हुए युवाओं को बाल अधिकारों की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। यूनिसेफ मध्य प्रदेश के कम्युनिकेशन एवं ऑफिस इंचार्ज अनिल गुलाटी के द्वारा इस अभियान को लेकर अपने संदेश में कहा कि 'यूथ फॉर चिल्ड्रन' एक ऐसा वॉलंटरी मूवमेंट है, जो राज्य के युवाओं को बच्चों के हित में जागरूक और सक्रिय बनाने का कार्य कर रहा है।

जब युवा बच्चों की आवाज़ बनते हैं, तो समाज में बदलाव की रोशनी खुद-ब-खुद फैलती है। कार्यक्रम में यूथ फॉर चिल्ड्रन के युवाओं ने प्रेरणादायक गीत और संगीत से कार्यक्रम का समां बांधा। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम ने ना केवल एक शहर को उजाला दिया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि जब समाज एकजुट होकर बच्चों के भविष्य के लिए कदम बढ़ाता है, तो विकास की लौ और अधिक प्रज्वलित हो उठती है। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने एक स्वर में कहा कि वे बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर निलंबन एवं वेतनवृद्धि रोकने के प्रस्ताव

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही और अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम करैरा अनुराग निंगवाल ने सुपरवाइजरों के निलंबन एवं वेतन वृद्धि रोकने के प्रस्ताव के प्रस्ताव जिला निर्वाचन अधिकारी शिवपुरी को भेजे हैं। एसडीएम निंगवाल द्वारा सुपरवाइजर राजेश्वर राम वैरागी एवं संतोष अहिरवार के निलंबन प्रस्ताव भेजे गए हैं, जबकि संतोष शर्मा का वार्षिक वेतन वृद्धि रोके जाने का प्रस्ताव दिया है। एसडीएम ने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही, अनुपस्थिति अथवा उदासीन रवैया सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सुपरवाइजर एवं बीएलओ निर्धारित समयसीमा में अपने क्षेत्र का कार्य पूर्ण करें, जिससे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पारदर्शी एवं समय पर संपन्न किया जा सके।



# अजाक्स के प्रांतीय सम्मेलन की तैयारी बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 नवम्बर।** मध्य प्रदेश अजाक्स के प्रांतीय महासचिव राजवीर अग्निहोत्री के मुख्य आतिथ्य में शिवपुरी जिले की बैठक सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कमलकिशोर कोड़े ने की एवं विशिष्ठ अथिति शैलेन्द्र प्रताप कदम प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं के बी दोहरे संभागीय अध्यक्ष रहे ।

बैठक में अजाक्स के प्रांतीय सम्मेलन को सफल बनाने हेतु सभी ने अपने विचार रखे एवं अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने हेतु आश्वासन दिया बैठक में पटवारी संघ,बाल्मीकि संघ के साथ बुद्धिजीवी वर्ग ने अपने विचार रखे बैठक में 23/11/25 को भोपाल के डॉ अम्बेडकर जयंती मैदान में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन/साधारण सभा के निम्न एजेंडा पर चर्चा हुई। प्रांतीय अध्यक्ष जे.एन कंसोटिया साहब का सम्मान समारोह,प्रांतीय कार्यकारिणी का चुनाव एवं पुनर्गठन,पदोन्नति नियम 2025 पर चर्चा एवं दिनांक 18 /10 /2025 को लिए गए निर्णय का अनुमोदन,वरिष्ठता के आधार पर उच्च पद का प्रभार न देने पर माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के संबंध में चर्चा,अजाक संघ के वार्षिक वितरण लेखा-जोखा का प्रस्तुतीकरण एवं अनुमोदन,वर्तमान संघ विरोधी गतिविधियों एवं भ्रामक प्रचार संबंधी चर्चा,प्रांतीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा प्रेषित है। बैठक में मुख्य रूप से जुगल किशोर कोड़े,शिव दयाल कोड़े,प्रमोद जी प्राचार्य,अनिल भगोरिया पटवारी,गिर्राज हिंडोलिया पटवारी,विजय पाल जाटव पटवारी,दीपक पाल पटवारी,मोनिशमन कोड़े के साथ साथ अधिकारी कर्मचारी समाजसेवी व्यवसाई उपस्थित रहे।

# बालिकाओं ने बाल विवाह की खिलाफत का संकल्प लिया

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 नवम्बर।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास द्वारा शासकीय कन्या परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल की सहायक संचालक मुस्कान गुप्ता, बाल संरक्षण अधिकारी राघवेंद्र शर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता जीतेश जैन ने बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्प्रभावों से परिचित कराया।

कार्यक्रम के दौरान, बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें अपने आसपास होने वाले बाल विवाह आयोजनों की खिलाफत करने के लिए प्रेरित किया गया। सहायक



संचालक मुस्कान गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है जो बालिकाओं के भविष्य को प्रभावित करती है।

कार्यक्रम के अंत में, सहायक संचालक मुस्कान गुप्ता ने सभी बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर बालिकाओं ने बाल विवाह की खिलाफत करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को अपने अधिकारों और भविष्य के बारे में जागरूक किया गया।